विदेश रोजगार प्रकोष्ठ

मा0 मुख्यमंत्री जी घोषणा संख्या–1285/2021 दिनांक 09 नवम्बर, 2021 के अनुपालन में राज्य के युवाओं को विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से जोड़े जाने के उद्देश्य से 09 नवम्बर 2022 से "विदेश रोजगार प्रकोष्ठ" आइ0टी0आइ0 परिसर सहसपुर में संचालित है। उक्त प्रकोष्ठ के माध्यम से 01 जुलाई 2023 से प्रथम बैच का संचालन Navis Hr Bangalore के साथ जापान में केयर गिवर जॉब रोल हेतु चयनित अभ्यर्थियों का जापानी भाषा में प्रशिक्षण उक्त योजनान्तर्गत प्रारम्भ किया गया।

''मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना' के अन्तर्गत विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसर से जोड़े जाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड के युवाओं को विभिन्न विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण करवा रहा है। वर्तमान में जापान, जर्मनी, यू0के0 आदि देशो में राज्य के युवाओं को सेवायोजित/रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी उद्देश्य से 09 नवम्बर 2022 को देहरादून के ब्लाक सहसपुर, शंकरपुर में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ/स्किल हब का शुभारम्भ किया गया है। उक्त योजना के प्रथम चरण में जापान, जर्मनी यू0के0 और आयरलैण्ड में नर्सिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं को विदेशों में सेवायोजित करने हेतु जापानी, जर्मनी एवं IELTS भाषा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विदेश रोजगार प्रकोष्ठ सहसपुर में केयर गिवर जॉब रोल हेतु प्रथम बैच के जिसमें उत्तराख्ण्ड के लगभग समस्त जनपदों से साक्षात्कार के माध्यम से चयनित 33 युवाओं को विदेश रोजगार प्रकोष्ठ/स्किल हब सहसपुर में एवं निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु पूरे प्रदेश से चयनित 01 अभ्यर्थी (बीपीएल धारक) Navis Hr Bangalore द्वारा स्वयम् के प्रशिक्षण केन्द्र Bangalore में जापानी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समस्त युवाओं द्वारा जापानी भाषा (N4) दक्षत परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही 23 युवाओं द्वारा जापान में केयर गिबर जॉब भी प्रारम्भ कर ली है। वर्तमान में उक्त योजना के अन्तर्गत द्वितीय बैच के 26 अभ्यर्थियों को जापानी भाषा का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से प्रथम चरण में ही 14 अभ्यथियों द्वारा जापानी भाषा (N4) दक्षत परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही 02 प्रशिक्षणार्थी जापान में सेवायोजित हो गये हैं एवं 12 अन्य युवाओ द्वारा जापान में केयर गिबर जॉब रोल हेतु अनुबन्ध प्राप्त कर लिये हैं। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जापान के अलावा जर्मनी में नर्सिंग के क्षेत्र में जॉब हेतु 15 अभ्यर्थियों को महिला आई0टी0आई0 निकट सर्वे चौक देहरादून में जर्मनी भाषा B2 का प्रशिक्षण एवं यू0के0 में रजिस्टर्ड नर्स/असिस्टेंट नर्स के रूप में कार्य करने हेतु 09 अभ्यथियों को अग्रेंजी भाषा IELTS का ऑनलाइन प्रशिक्षण के साथ ही 26 युवाओं को **N.S.D.C. International** द्वारा सहसपुर में जापानी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

<u>वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक विदेश रोजगार प्रकोष्ठ हेतु शासन द्वारा प्राप्त बजट</u>

| क्र0स0 | वित्तीय वर्ष | प्राप्त धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 2022–23 | ₹10000000 |
| 2 | 2023–24 | ₹8445000 |
| 3 | 2024–25 | ₹6904000 |



मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अन्तर्गत चयनित प्रथम बैच





जापानी भाषा का प्रशिक्षण लेते हुये प्रशिक्षणार्थी। विभागीय मंत्री जी जापान में सेवायोजित युवाओं को अनुबन्ध पत्र वितरित करते हुये।



